# भाग-3

**(सामान्य ज्ञान के लिए "तेज मेमोरी" सूत्रों का उपयोग)**

*आपका "तेज मेमोरी" भाग-3 में स्वागत है*

यह भाग विशेषकर उनके लिए लिखी गयी है

जिन्हें सामान्य ज्ञान की आवश्यकता

प्रतियोगी परीक्षाओं में होती है।

# 26 शब्द संक्षेप तथा उनका विस्तार

| शब्द संक्षेप | विस्तार | 'अगल-बगल के जोड़' का तर्क |
|---|---|---|
| AM<br>(आम) | (एन्टी मेरीडियन)<br>(आंटी मैरी इंडियन) | आंटी मैरी (शादी) इंडियन आम से करती है। |
| BCG<br>(बांसजी) | बैसिलस कैल्मेटी ग्यूरिन<br>(विसिल कल meeting कई रिन) | बांस जी को कल meetingमें रिन ने विसिल की तरह बजाया। |
| CII<br>(कैट-2) | कंफिडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री<br>(काफी रोशनी इंडियन इंडस्ट्री) | इंडियन इंडस्ट्री ने काफी रोशनी के लिए 2 कैट को नौकरी दी। |
| DPT<br>(Deep Tea) | डिप्थेरिया परसिस टेटनस<br>(Deep थार प्रत्येक सिस टेटनस) | Deep tea में थार है और उसमें अनेकों सिस हैं जिसके अंदर टेटनस हुआ है। |
| ESMA<br>(एस मां) | एसेंशियल सर्विसेज मेन्टीनेंस एक्ट | यस! मां ने एसेंशियल सर्विसेज मेंटेनेंस करने का एक्ट बनाया है। |
| GMT<br>(गम टी) | ग्रीनविच मीन टाइम<br>(ग्रीनविच मीन टाइम) | हरे विच पर समय का मीन (mean) निकाल रहे हैं तथा दुखी (गम) होकर चाय पी रहे हैं। |
| HAL<br>(हल) | हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड<br>(हिन्दुस्तान एयर नाटक लिमिटेड) | हिन्दुस्तान में हल हवा में नाटक लिमिटेड समय तक करते हैं। |
| IMA | इंडियन मिलिट्री एकेडमी | इंडिया में मिलिट्री की एकेडमी (पढ़ाई) |

| | | |
|---|---|---|
| (आई मां) | | कठिन होती है कि उनको चिल्लाना पड़ता है-आई मां। |
| LCA (लंका) | लाइट काम्बेट एयरक्राफ्ट | लंका में लाइट (कम वेट का) एयरक्राफ्ट था। |
| NATO (नाटा) | नार्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (नार्थ अटल की आंटी टीटी ऑर्गेनाइजेशन) | अटल जी नाटे हैं और उनकी आंटी नॉर्थ में टीटी लोगों की ऑर्गेनाइजेशन बना रही है। |
| OIL (ऑयल) | ऑयल इंडिया लिमिटेड (ऑयल इंडिया लिमिटेड) | इंडिया में ऑयल (oil) सीमित (लिमिटेड) है। |
| RAW (रॉ मटेरियल) | रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रिसर्च एवं एनालिसिस विंड) | रॉ मटेरियल पर हवा (विंड) के प्रभाव का रिसर्च एवं एनालिसिस हो रहा है। |
| STD (STD Booth) | सब्सक्राइबर्स ट्रंक डायलिंग (सबकी काई ब्रश ट्रंक डारलिंग) | STD बूथ से सबकी काई ब्रश से साफ कर ट्रक द्वारा डारलिंग को भेजा जाता है। |
| TRAI (ट्राई) | टेलिकॉम रेग्यूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (तेल कम रेग्यूलेटर ऑथर राइट) | इंडिया में एक लेखक (ऑथर) लिख (राइट कर) रहे हैं और तेल कम पड़ गया है क्योंकि उनका तेल रेग्यूलेटर में चला गया है फिर भी वे ट्राई कर रहे है। |
| VRS (वर्षा) | वॉलंट्री रिटायरमेंट स्कीम (वेल(well) ट्री रिटायर मिंट स्कीम) | वर्षा के दिनों में रिटायर व्यक्ति के लिए एक स्कीम है जिसमे ट्री तथा मिंट कुआं में भर दिया जाता है। |

# 27 प्रमुख तिथियां

यहां आपको प्रत्येक माह के लिए एक अलग से "तेज मेमोरी" कोड दिया जा रहा है। इन्हें आप याद कर लें।

| माह | "तेज मेमोरी" कोड |
|---|---|
| जनवरी | जानवर |
| फरवरी | परवाली (परी) |
| मार्च | मार्च (सैनिक) |
| अप्रैल | अपर रेल (रेल का ऊपर का भाग अर्थात् रेल का बिजली का तार) |
| मई | माई (माता या घर में काम करनेवाली नौकरानी) |
| जून | जूं (जो सिर के बालों के बीच रहता है) |
| जुलाई | झूला |
| अगस्त | अगस्त का पेड़ या लाल किला जहां से प्रधानमंत्री 15 अगस्त को भाषण देते हैं। |
| सितम्बर | सित (शीत) अंबर से गिर रहा है (ओस की बूंदें) |
| अक्तूबर | अक्ल ट्यूब में चली गयी है। |
| नवम्बर | स्वयंवर (किसी लड़की के शादी का स्वयंवर रखा गया है) |
| दिसम्बर | अंबर (आकाश) क्योंकि आकाश में चारों दिशाएं एक जैसी लगती हैं। |

आप इन सभी कोडों को याद कर लें। इनके द्वारा आप किसी भी तिथि को आसानी से याद रख पायेंगे।

| तिथियां | दिवस | 'अगल-बगल के जोड़' का तर्क |
|---|---|---|
| जनवरी 12 | राष्ट्रीय युवा दिवस | कल्पना करें - राष्ट्र के युवक ट्यूब वेल के अंदर चले गये हैं तथा जानवर उन्हें निकाल रहे हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| फरवरी 28 | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | कल्पना करें - एक परी नाव में उड़ती हुई विज्ञान के चीजों का प्रदर्शन कर रही है। |
| मार्च 4 | राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस | कल्पना करें - आपके दरवाजे पर सैनिक सुरक्षा के लिए मार्च कर रहे हैं। |
| अप्रैल 1 | भारतीय वायुसेना दिवस | कल्पना करें - भारतीय वायुसेना के जवान रलगाड़ी के बिजली के तारों से टकराते हैं तो उससे सूर्य निकलता है। |
| मई 18 | पोखरण परमाणु विस्फोट दिवस | कल्पना करें - माई नेल पॉलिस लगाकर परमाणु विस्फोट का खंडन कर रही है। |
| जून 5 | विश्व पर्यावरण दिवस | कल्पना करें - विश्व के मैप पर जू पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मना रही है। |
| जुलाई 22 | राष्ट्रीय झण्डा अंगीकरण दिवस | कल्पना करें - नानी झूले पर बैठकर राष्ट्रीय झंडे को अंग से लगा रही है। |
| अगस्त 14 | संस्कृत दिवस | कल्पना करें - लाल किला के अंदर संस्कृत की पढ़ाई हो रही है। |
| सितम्बर 21 | रेलवे सुरक्षा बल दिवस | कल्पना करें - रेल की सुरक्षा के लिए उसके चारों तरफ नेट में शीत (ओस) को बांधा गया है। |
| अक्तूबर 31 | राष्ट्रीय संकल्प दिवस | कल्पना करें - सबकी अक्ल ट्यूब के अंदर चली गयी है और पूरा राष्ट्र संकल्प करता है उसे बाहर निकालने के लिए। |
| नवम्बर 10 | परिवहन दिवस | कल्पना करें - एक मुर्गी के स्वयंवर में सभी राज्यों का परिवहन विभाग लगा हुआ है। |
| दिसम्बर 23 | किसान दिवस | कल्पना करें - किसान आसमान (अंबर) में नीम की खेती कर रहे हैं। |

# 28 संस्था एवं संस्थापक

| संस्था | संस्थापक | 'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| प्रार्थना समाज | केशव चन्द्र सेन (केश चांदी सोना) | एक समाज के लोग केश को चांदी एवं सोना के रंग में रंगकर प्रार्थना करते हैं। |
| मनसबदारी प्रथा (मन में शब्द प्रथा) | अकबर (अखबार) | अखबार के शब्दों को मन में पढ़ने की प्रथा है। |
| पारसी धर्म के प्रवर्तक (पारस) | जर्युष्ट (युधिष्ठिर) | युधिष्ठिर पारस से लोगों का धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। |
| मीमांशा दर्शन (मुझे मांस का दर्शन) | महर्षि जैमिनी (महर्षि जमीनी) | एक महर्षि मुझे जमीन में मांस का दर्शन करा रहे हैं। |
| विजय नगर साम्राज्य स्थापना | हरिहर व बुक्का (हरा बकरा) | एक हरा बकरा नगर में विजय का साम्राज्य स्थापित कर रहा है। |
| दिल्ली सल्तनत की स्थापना (दिल्ली सुल्तान) | कुतुबुद्दीन ऐबक (कुतुब मीनार दिन में ऐनक) | दिल्ली के कुतुब मीनार को देखने के लिए सुल्तान को दिन में ऐनक लगाना पड़ता है। |
| रेड क्रॉस (+) | हेनरी ड्यूनेन्ट (हेन रो ड्यू नेट) | एक हेन रेड क्रॉस के सामने रो रही है क्योंकि उसे ड्यू (Dew) नेट में भरकर चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना | एम एन राय (मनी राय (सलाह)) | भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मनी (Money) के सलाह पर काम करती है। |
| सिख राज्य के संस्थापक | महाराजा रणजीत सिंह(रन) | सिख महाराजा रन (दौड़) में सिंह से आगे चले जाते हैं। |
| आनन्दवन की स्थापना | बाबा आम्टे (आम) | बाबा आनंद में होकर आम के वन में नाच रहे हैं। |
| परमधाम आश्रम (पर में धाम) | विनोबा भावे | विनोबा ने पर में धाम (आश्रम) बनाया है। |
| ओरुविले आश्रम (ओ रोबीले) | आरविन्द घोष (अरबी) | एक अरबी व्यक्ति आश्रम में साधु को ओ रोबीले साधु मेरा जयघोष कर कह रहा है। |
| इंडियन एसोशिएशन | सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (बानर) | सुरेन्द्र इंडियन लोगों को वानर के साथ नाथ के एसोशिएशन बना रहा है। |
| हरिजन संघ (हरा जनेऊ) | महात्मा गांधी | महात्मा गांधी अपने संघ के सभी लोगों को हरा जनेऊ देते थे। |
| स्वर्ण मंदिर | गुरु अर्जुन देव | अर्जुन देवताओं के सोने की मूर्ति को सोने की मंदिर में स्थापित करते हैं। |

# 29 लोकप्रिय उपनाम

| व्यक्ति | उपनाम | 'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| महात्मा गांधी | युग पुरुष | महात्मा गांधी युगों-युगों तक पुरुष बने रहेंगे। |
| डा.श्रीकृष्ण सिंह | बिहार केसरी (केसर) | कृष्ण भगवान बिहार के मैप में केसर भरकर सिंह को खिला रहे हैं। |
| लाल बहादुर शास्त्री | शांति पुरुष | लाल बहादुर शास्त्री, शांति नामक लड़की के पुरुष (पति) हैं। |
| डा.राजेन्द्र प्रसाद | अजात शत्रु | राजेन्द्र प्रसाद आजादी के शत्रु हैं। |
| आशुतोष मुखर्जी (मुख) | बंगाल केसरी | आशुतोष (एक्टर) बंगाल के मैप में केसर भरकर मुख में डाल रहा है। |
| दादा भाई नौरोजी (नो रो) | भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह | दादा जी अपने भाई के साथ बिना रोए (नो (no) रो) के भीष्म पितामह की तरह बाणों के ऊपर सो गये हैं। |
| जग जीवन राम | बाबू जी | जग को जीवन देनेवाले राम के पिता दशरथ खो गये हैं और राम बाबूजी-बाबूजी कहकर रो रहे हैं। |
| हिटलर | फ्यूहरर (फुहार) | हिटलर पानी का फुहार करके लड़ाई जीतता था। |
| अमीर खुसरो | तोता-ए-हिन्द | अमीर खुश रहने के लिए तोता के ऊपर बैठकर हिन्द में घूम रहा है। |
| गालिब (गाली) | ताराना-ए-हिन्द | आपको तैरने के लिए पानी में डाल दिया जाता है तो आप गाली देने लगते हैं। |

# 30 वाद्ययंत्र एवं वादक

| वाद्ययंत्र | वादक | 'ऊपर-नीचे के जोड़' का तर्क |
|---|---|---|
| सितार | पं. रवि शंकर,<br>विलायत खां,<br>शाहिद परवेज,<br>शुजात हुसैन खां,<br>मणिलाल नाग,<br>जया विश्वास,<br>निखिल बनर्जी,<br>देवव्रत चौधरी,<br>शशि मोहन भट्ट | तारा देखा, उसमें रवि (सूर्य) पर शंकर भगवान विलायत (विदेश) से परवेज (पाकिस्तान के राष्ट्रपति) को शहीद करके आ रहे हैं। उनके गले में मणि लाल के साथ नाग है जो जया (प्रदा) के शू को विश्वास के साथ निगल जाता है और वन में देवव्रत (भीष्म पितामह) शशि (चांद) के साथ भटक गये हैं। |
| शहनाई | विस्मिल्ला खां,<br>अली अमद हुसैन खां,<br>दया शंकर,<br>जगन्नाथ,<br>हरि सिंह,<br>शैलेश भागवत,<br>गुलाम अली खां | शहनाई में विष मिलाकर (लकी) अली (स-ाम) हुसैन को खिला रहे हैं। (सद्दाम) हुसैन के ऊपर शंकर भगवान दया करते हैं और सारे जग को अनाथ कर देते हैं। इसके बाद हरा सिंह शैल (पत्थर) को गुलाम बनाकर सबको खा जाता है। |
| तबला | अल्लाह रक्खा,<br>गुदई महाराज,<br>किशन महाराज,<br>जाकिर हुसैन,<br>सुखविन्दर सिंह,<br>लतीफ अहमद खां,<br>अम्बिका प्रसाद,<br>सुभाष निर्वाण | किशन भगवान ने तबला के नीचे गुदई (पुराना कपड़ा) रखा। उसको जाकिर हुसैन सुख के साथ बन्दर और सिंह को लतीफे सुनाए तथा मां अम्बिका प्रसाद खाकर सुबह में निर्वाण प्राप्त हो गयी। |

| | | |
|---|---|---|
| बांसुरी | हरि प्रसाद चौरसिया,<br>राजेन्द्र प्रसन्न,<br>राजेन्द्र कुलकर्णी,<br>पन्नालाल घोष,<br>विजय राघवराव,<br>प्रकाश भडेरा,<br>देवेन्द्र मुण्डेश्वर,<br>टी आर महलिंगम,<br>एन रम्मानी | जब आप बांसुरी बजाते हैं तो उसमें से हरा प्रसाद निकलता है और राजा इन्द्र प्रसन्न हो जाते हैं और आपके कुल का कल्याण करने के लिए लाल पन्ना (पेज) पर घोषणा करते हैं कि विजय रघुपति राघव राजा राम गानेवाले का होगा। इसके बाद प्रकाश भंडार से देवेन्द्र (ईश्वर) का मुण्ड को टायर (TR) में जोड़ देते हैं एण्ड तभी रम्मा आ जाते हैं। |
| सारंगी | राम नारायण,<br>संतोष मिश्रा,<br>अरुणा काले,<br>आशिक अली खां,<br>सोवरी खान,<br>ध्रुव घोष,<br>अरुणा घोष,<br>वजीर खां,<br>रमजान खां,<br>इंद्र लाल | भगवान राम सारंगी पर नारायण-नारायण गा रहे हैं और संतोष अरुणा (ईरानी) को काला जादू करने के लिए मिश्री खिला रहे हैं। अरुणा आशिक हो जाती है और सेवरी के साथ ध्रुव के जैसी घोषणा करती है और उसका नाम अरुणा घोष रखा जाता है। रमजान में अरुणा तपस्या कर इंद्र को लाल कर देती है। |

# 31 पुस्तकें एवं लेखक

| **पुस्तक** | **लेखक** | **'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें)** |
|---|---|---|
| गाथा सप्तशती (700) | हाल (हल) | हल से 700 लोगों की गाथा बाहर निकलती है। |
| मिलिन्दपन्हो (मिल दो पहनो) | नागसेन | एक नाग सेना में मिल गया और उनका कपड़ा पहन लिया। |
| किरातार्जुनीयम् (कई रातें अर्जुन) | भारवि (भैरवी) | कई रातें अर्जुन ने भैरवी के यहां बितायी। |
| राजतरंगिणी (राजा तरंग) | कल्हण (कलह) | राजा तरंग की तरह झगड़ा (कलह) को समाप्त करने के लिए आता है। |
| मृच्छकटिकम् (मछली काट कर) | शूद्रक (शूद्र को) | मछली काटकर शूद्र को खिला रहे हैं। |
| किताबुल हिन्द (किताब हिन्द) | अलबरुनी (All Burn) | हिन्द के सभी (all) किताबों को जला (burn) दिया गया। |
| खालिक बारी (खाली करने की बारी) | अमीर खुसरो (खुश रहा) | खाली करने की बारी आयी तब भी अमीर खुश रहा। |

| | | |
|---|---|---|
| फतवा-ए-जहांदारी (फतवा जहां दरी) | जियाउद्दीन बरनी (जिंदा दिन burn) | फतवा देर से आई तो जिंदा दिन में जला (burn) दिया। |
| हुमायुँनामा (हुमायुँ का नाम) | गुलबदन बेगम (गीला बदन) | बेगम हुमायुँ का नाम लेती हैं जब उनका बदन गीला होता है। |
| सावित्री | अरविंद घोष | अरविंद घोषणा करता है कि पिछले जन्म में वो सावित्री था। |
| मन मिर्जा तन साहिबां | अमृता प्रीतम | एक औरत अमृत अपने प्रीतम को पिलाती हैं, मन उसने मिर्जा (गालिब) को दिया है तथा अपना तन साहेब (अंग्रेज) को देती है। |
| इण्डिया माई लव | आचार्य रजनीश | रजनीश इण्डिया को प्यार करते हैं और उसी से शादी करना चाहते हैं। |
| इकोनॉमिक प्लानिंग ऑफ इंडिया | अशोक मेहता | मेहता जी अशोक के साथ मिलकर पैसों (economics) की प्लानिंग कर रहे हैं कि इंडिया से कैसे लिया जाए? |
| विषवृक्ष | बंकिम चंद्र चटर्जी (बैंक में चांद चट) | बैंक में चांद जाते हैं और विष के वृक्ष को चट कर जाते हैं। |
| आवारा मसीहा | विष्णु प्रभाकर | (मनोज) प्रभाकर विष्णु भगवान के साथ आवारा की तरह घूम रहे हैं। उन्हें लोग आवारा मसीहा कहते हैं। |

# 32 देश एवं राजधानियां

| **देश** | **राजधानी** | **'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें)** |
|---|---|---|
| भूटान<br>(भुट्टा) | थिम्पु थम्ब<br>(अंगूठा) | आपका अंगूठा भुट्टा खा रहा है। |
| मालदीव<br>(माला दीप) | माले<br>(माला) | मालाओं का द्वीप है। |
| मंगोलिया<br>(मंगल) | उलानबटेर<br>[उल्लू बटर (मक्खन)] | नई धार्मिक रीति - मंगलवार को उल्लू को बटर खिलाओ। |
| वियतनाम<br>(विलायत नाम) | हनोई<br>(हेन आई) | विलायत में नाम (दीक्षा) लेने हेन (hen) भी आई है। |
| कम्बोडिया<br>[कम बॉडी (शरीर)] | नोम पेन्ह<br>(नीम पेड़) | अपने शरीर (body) को कम करने के लिए नीम के पेड़ से बांध दें। |
| तुर्कमेनिस्तान<br>(तुर्क में निशान) | अशेकाबाद<br>(आशिक आबाद) | तुक (बंदी) में अर्थात् बातों में निशान लगानेवाले आशिक आबाद होते हैं। |
| बहरीन<br>(बाहर रीन) | मनामा<br>(मना मां) | रीन बाहर में चला गया है। मां उसको मनाओ। |

| | | |
|---|---|---|
| सऊदी अरब<br>(सौ अरब) | रियाद<br>(रिया दो) | सौ अरबवासी ने रिया (सेन) को वोट दिया है। |
| कज़ाकिस्तान<br>(काजी किसान) | अल्माएटा<br>(आटा बना मीठा) | एक काजी ने किसान के आटे को मीठा कर दिया। |
| उज़्बेकिस्तान<br>(ऊबना- किसान) | ताशकन्द<br>(ताश गन्दा) | ऊबकर किसान ताश को गंदा कर देता है। |
| किर्गिज़स्तान<br>(कागज किसान) | बिशकेक<br>(विष केक) | किसान कागज से केक में विष मिला रहा है। |
| मॉरीशस<br>(मारी सास) | पोर्ट लुईस<br>(पोर्ट लुसी) | लुसी ने पोर्ट पे सास को मार दिया है। |
| जिम्बाब्वे | हरारे<br>(हरा ले) | जिम्बाब्वे की टीम सबसे कमजोर है उसे कोई भी हरा सकता है। |
| सेनेगल | डकार | (सुस्मिता) सेन इतनी गल (बातें) डकार लेते समय भी करती रहती है। |
| नॉर्वे<br>(नाव में) | ओसलो<br>(ओस लाओ) | नाव में ओस की बूंदों को भरकर लाया जा रहा है। |
| फिजी<br>(फौजी) | सूवा<br>(शू से वार) | एक फौजी केवल अपने शू से वार करता है। |
| चिली<br>(मिर्ची ) | सांतियागो<br>(शांति यज्ञ) | शांति के लिए यज्ञ में मिर्ची डालते हैं। |
| आयरलैंड<br>(आ यार लैंड) | डबलिन<br>(डबल) | आ यार! लैंड को डबल करते हैं। |

# 33 खेलों की ट्रॉफियां

| **खेल** | **ट्रॉफियां** | **'ऊपर-नीचे के जोड़' का तर्क (कल्पना करें)** |
|---|---|---|
| हॉकी | रेनेफ्राँक ट्रॉफी,<br>बेटन कप,<br>आगा खां कप,<br>ध्यानचंद ट्रॉफी,<br>रंगास्वामी कप,<br>चैंपियन्स ट्रॉफी | हॉकी रेन में फ्रॉक पहनकर घूमता हैं। उसके फ्रॉक का बटन खुला है। उसके फ्रॉक के अंदर आग का खान है। उस आग में ध्यान से देखने पर चांदी की ट्रॉफी दिखती है। उस ट्रॉफी में से रंगा हुआ स्वामी बाहर निकलता है और बाद में चैंपियन बनता है। |
| फुटबॉल | रेवर्स कप,<br>डूरण्ड कप,<br>संतोष ट्रॉफी,<br>सुब्रतो कप,<br>आशुतोष शील्ड,<br>बी सी रॉय कप,<br>मारडेका ट्रॉफी,<br>कोलम्बो कप,<br>फीफा कप | आप फुटबॉल नदी (river) के ऊपर खेल रहे हैं। तुरंत (डूरंड) संतोष आ जाता है। उसने आशुतोष को शू (जूते) मारने का व्रत लिया है। आशुतोष शील्ड को B.C. का है, ऐसा राय रखता है। आशुतोष ने डंडा मारा तो शील्ड में से कलम निकला जो आपके फूफा जी का था। |
| क्रिकेट | रणजी ट्रॉफी,<br>ईरानी ट्रॉफी,<br>दिलीप ट्रॉफी,<br>मोइनुद्दौला गोल्ड कप,<br>कूच बिहार कप | रण (युद्धक्षेत्र) में क्रिकेट का खेल हो रहा है। इसमें (अरुणा) ईरानी और दिलीप (कुमार) भी हैं। (आपकी) मां इन उछल-कूद में गोल्ड का कप लेकर बिहार के लिए कूच (प्रस्थान) कर जाती है। |

| | | |
|---|---|---|
| टेनिस | डेविस कप,<br>बिम्बलडन ट्रॉफी,<br>हॉपमेन कप,<br>फ्रेंच ओपन,<br>ऑस्ट्रेलियन ओपन,<br>यूएस ओपन | आप डेविड (धवन) के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। उसमें आप दोनों बीम (laser) से लड़ने लगते हैं। इस लड़ाई में दोनों हाफ मैन हो जाते हैं। आप दोनों की दाढ़ी फ्रेंच कट हो जाती है और आपके बालों में ऐश (राख) ट्रे निकल जाता है और डेविड (धवन) के बालों में US दिखता है। |
| टेबल टेनिस | जय लक्ष्मी कप,<br>बरना ब्लैक कप,<br>स्वैथलिंग कप | टेबल पर आप लक्ष्मी जी के साथ टेनिस खेल रहे हैं। लक्ष्मी जी आपको कहती हैं कि मेरी जय करो वरना काले (Black) बना दूंगी और स्वयं थाली लेकर भाग जाऊंगी। |
| मुक्केबाजी | मेयर्स कप | मुक्केबाजी में जो जीतता है उसे शहर का मेयर बनाते हैं। |
| पोलो | ऐजरा कप | आप पोलो के मैदान में जीतनेवाले खिलाड़ी से कप मांग रहे हैं। आप कहते हैं-'ए जरा कप लाना'। |
| बैडमिंटन | थॉमस कप,<br>उबेर कप,<br>ऑल इंग्लैंड | सारे इंग्लैंड के लोग कुबेर के खजाने पे बैठ के थर्मस से बैडमिंटन खेलते हैं। |

# 34 देशों के प्रमुख खेल

| देश | प्रमुख खेल | 'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| भारत<br>पाकिस्तान | हॉकी | भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी का मैच हो रहा है और आप उसके एकमात्र दर्शक हैं। |
| इंग्लैंड<br>ऑस्ट्रेलिया | क्रिकेट | लैण्ड (जमीन) के अंदर ऐश (राख) की ट्रे क्रिकेट खेल रहे हैं। |
| रूस<br>ब्राजील | फुटबॉल | एक (चाल)बाज को रस्सी से फुटबॉल के साथ बांध दिया गया है। |
| जापान | जूडो | जा पान लेकर आ तुझे जूडो सिखाना है। |
| कनाडा | आइस हॉकी | कैण्डल (मामबत्ती) से हॉकी में लगे आइस को पिघला रहे हैं। |
| चीन | टेबल टेनिस | आप टेबल पर चीनी को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटने के लिए टेनिस से पीट रहे हैं। |
| मलेशिया | बैडमिंटन | आप मालिश के लिए बेड पर मिंट रखकर सोते हैं। |
| यू.एस.ए. | बेस बॉल | बस में बॉल को आपने यू.एस.ए. के झंडे में छुपाया हुआ है। |

# 35 खेलों के खिलाड़ियों की संख्या

| खिलाड़ियों की संख्या | खेल | 'अगल-बगल के जोड़ का तर्क' (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| 1 या 2 (डंडा और बत्तख) | बैडमिंटन, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस | बत्तख डंडे से बेड पर मिंट के साथ तथा लॉन में टेबल पर टेनिस खेल रही है। |
| 5 (हुक) | बास्केट बॉल | बास्केट बॉल हुक से लटकाया गया है। |
| 6 (हॉकी) | बॉली बॉल | बॉली बॉल को हॉकी से मारा जाता है। |
| 7 (टेबल लैंप) | वाटर पोलो, कबड्डी | वाटर में पोल से टेबल लैंप बंधा है और कबड्डी का खेल हो रहा है। |
| 8 (चश्मा) | जिमनास्टिक | एक नास्तिक जिम में चश्मा पहनकर कसरत कर रहा है। |
| 9 (लॉलीपॉप) | खोखो, बेस बॉल | लॉलीपॉप को बॉल के नीचे (base में) रखकर खा रहे हैं। |
| 15 (सितार) | रग्बी फुटबॉल | रबी फसल में सितार के साथ आप फुटबॉल खेल रहे हैं। |

# 36 नृत्य तथा नर्तक

| नृत्य | नर्तक | 'ऊपर-नीचे के जोड़' का तर्क (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| ओडिसी | प्रतिमा देवी,<br>संयुक्ता पाणिग्रही,<br>सोनल मानसिंह,<br>पंकज चरणदास,<br>केलु चरण महापात्रा,<br>कल्याण अम्मा | उड़कर आपने देवी मां की प्रतिमाएं देखी। ये सब एक साथ (संयुक्त) पानी ग्रहण कर रही थीं। सोना मान (सम्मान) के साथ पंकज (उधास) देवी मां के चरण में रख रहे हैं। उसके बाद चरण काला हो जाता है इसके लिए एक महान (बड़ा) पात्र में कल्याण करने के लिए अम्मा आती हैं और देवी मां का कल्याण करती हैं। |
| मणिपुरी | शांतिवर्धन,<br>गुरु बिपिन सिंह | बिपिन ने सिंह से मणि शांति बढ़ाने के लिए लिया है। |
| कथकली | मृणालिनी साराभाई,<br>गुरु शंकरन नम्बूदरीपाद,<br>थोट्टम शंकरन,<br>कुट्टी नैयर,<br>शंकर कुरूप,<br>के सी पन्नीकर | कत्था (पान का) कली (फूल की) को एक साथ मिलाकर, सारे भाई शंकर भगवान के पाद को नींबू से धोकर और थॉट में (thought यानी सोच में) सभी नई यारी को काट देते हैं जिससे शंकर भगवान कुरुप हो जाते हैं। और काशी को एक पन्नी में डाल देते हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| भरतनाट्यम | यामिनी कृष्णमूर्ति,<br>टी बाला सरस्वती,<br>रुक्मिणी देवी,<br>सोनल मानसिंह,<br>मृणालिनी सारा भाई,<br>वैजयंती माला,<br>हेमा मालिनी | भारत नाटक कर रहा है। उसमें यम कृष्ण भगवान की मूर्ति को नचा रहे हैं। तभी सरस्वती माता एक बाला के रुप में ही 'टी' लेकर आती है। उनके साथ ही मनी (money) तथा सोना रुक जाता है और सोरे भाई हेमा मालिनी तथा वैजयंती माला को पानी पिलाते रहते हैं। |
| कुचिपुडी | यामिनी कृष्णमूर्ति,<br>राधा रेड्डी,<br>वेदान्तम् सत्यनारायण शर्मा,<br>स्वप्न सुंदरी | यम (राज) कृष्ण (भगवान) के मूर्ति को कच्ची पूड़ी देते हैं जिसको राधा ने तैयार (ready) किया है। इसके बाद वेद का अंत कर सत्य-नारायण भगवान की कथा एक शर्मा जी कहते है जिनके स्वप्न में एक सुंदरी आती है। |
| कथक | काजल शर्मा,<br>सितारा देवी,<br>वन्दना सेन,<br>उमा शर्मा,<br>बिरजू महाराज,<br>अच्छन महाराज,<br>गोपी कृष्ण,<br>केशव कोठारी | शर्मा जी देवी को सितारा तथा काजल लगा के कथा कहते हैं। उनके साथ सेन (सुष्मिता) तथा उमा (भारती) भी वन्दना करती हैं। एक अच्छा वीर महाराज गोपी कृष्ण के केश काट कर कोठरी में बन्द करता है। |

# 37 भारत के लोक नृत्य

| राज्य | लोकनृत्य | 'ऊपर-नीचे के जोड़' का तर्क (कल्पना करें) |
|---|---|---|
| असम | खेल गोपाल,<br>बिहु,<br>कजिलोपाल,<br>महारास,<br>नटपूजा,<br>बोई साजू,<br>खल चागबी,<br>होब्जानाइ,<br>नागानृत्य राखल,<br>झकुरा,<br>बिछुआ | आज शाम को गोपाल (कृष्ण) आपके साथ खेलेंगे। इसके बाद आपके घर में एक बहु आयेगी जिससे कल (गो)पाल ने महारास (प्रेम) रचाया था। वो बहु एक नट की पूजा करती है जो सेज (बिस्तर) पर बाई (Bye) बोलकर खाली (खल) चुगता है। उसको नाई होने का वरदान मिला है। नाई होकर वह नंगा नृत्य का व्रत रखता है। नृत्य में वो झुककर बिछुओं को मारता रहता है। |
| नागालैण्ड | केदोहोह,<br>खैवा,<br>लिम,<br>नूरलिम,<br>कुमीनागा,<br>रेंगमा,<br>चोंग | नंगा लैण्ड को दुहराता है और लेकर खाता है, उससे उसके नूर (सुन्दरता) सामने आता है। इस नंगा को मीना (बाजार) में रंग में डालकर चोंगा (लंबा वस्त्र) पहना देते हैं। |
| पंजाब | भांगड़ा,<br>गि-ा,<br>कीलकी,<br>घमान | पंजाब में भांगड़ा (बल्ले-बल्ले) हो रहा है और कल की गीत (गिद्दा) से घमासान हो रहा है। |

| | | |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | सैला,<br>करमा,<br>भगोरिया | छत के ऊपर सौ कर्मों को करनेवालों को भगा रहे हैं। |
| गुजरात | गरबा,<br>डांडिया रास,<br>रास लीला,<br>गणपति,<br>भजन,<br>लास्या,<br>दीपक,<br>भवई,<br>झकोलिया | गरीब का गहना गजरा है। वो डंडे से रास लीला करता है। उसमें गणपति (गणेश) भजन गाते हैं। लस्सी से दीपक जलता है। भौजाई (भवई) को झुका लिया जाता है। |
| राजस्थान | घूमर,<br>कठपुतली,<br>घापला,<br>जिन्दाद,<br>बगरिया,<br>शंकरिया<br>पनिहारी,<br>ख्याला,<br>गणगौर,<br>गोपिका लीला,<br>मारू,<br>कृष्ण राउफ,<br>चाकरी,<br>भरवागीत | एक राजा अपने स्थान पे घूम-धूम के कठपुतली के नाम में घपला करता है। वह कठपुतली को जिन्दा करके बकरी बनाता है तथा शंकर भगवान से पानी भरवाता है। उसके ख्याल में शंकर भगवान के गण गोरे रंग के गोपियों को लाल कर के मारते हैं और गोपियां कृष्ण भगवान से चाकरी करवाती हैं, पानी भरवा के गीत गाती हैं। |

# 38 उपकरण एवं आविष्कारक

| **उपकरण** | **आविष्कारक** | **'अगल-बगल के जोड़' का तर्क (कल्पना करें)** |
|---|---|---|
| मोटर साइकिल | एडवर्ड बटलर (एक बर्ड बटर) | मोटर साइकिल में एक चिड़िया (bird) को बटर से जोड़ा गया है। |
| कैलकुलेटर | बी पास्कल (बॉल पास कल) | कैलकुलेर एवं बॉल कल के मैच में पास के रुप में उपयोग किये गये। |
| कम्प्यूटर | चार्ल्स बैबेज (चाल से बेबी जा) | कम्प्यूटर में चाल से एक बेबी जा रही है। |
| इलेक्ट्रिक फैन | ह्वीलर | एक व्यक्ति ह्वीलवाली कुर्सी पर बैठकर इलेक्ट्रिक फैन ठीक करता है। |
| टेलिविजन | जॉन लोगी बेयर्ड (जान लेगी बियर्ड) | टेलिविजन की दाढ़ी (beard) है जो लोगों की जान लेती है। |
| टेप रिकॉर्डर | पाउलसेन | (सुस्मिता) सेन ने एक उल्लू को टेपरिकार्डर के साथ पा लिया। |
| टाइपराइटर | सी शोल्स | एक कैट (C) टाइपराइटर बेच (sell) करती है। |
| रेडिया | जी मारकोनी | आपको रेडियो कोहनी से मारने पर ही बजता है। |
| स्कूटर | जी ब्रैड शॉ | आपका स्कूटर ब्रेड का बना हुआ है और उसपर जी लिखा हुआ दिख रहा है। |
| ट्रैक्टर | रॉबर्ट फॉरमिच (रोबोट मिर्च) | मिर्च की खेती के लिए रोबोट ट्रैक्टर चलाता है। |

# 39 मापने की इकाइयां

**लम्बाई**

**'ऊपर-नीचे के जोड़' का तर्क (कल्पना करें)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 माइक्रो मीटर | = | 1000 नैनो मीटर |
| 1 मिली मीटर | = | 1000 माइक्रो मीटर |
| 1 सेंटी मीटर | = | 10 मिली मीटर |
| 1 डेसी मीटर | = | 10 सेंटी मीटर |
| 1 मीटर | = | 10 डेसी मीटर |
| 1 डेका मीटर | = | 10 मीटर |
| 1 हेक्टो मीटर | = | 10 डेका मीटर |
| 1 किलोमीटर | = | 10 हेक्टो मीटर |
| 1 मेगा मीटर | = | 1000 किलो मीटर |

नैनो-माइक्रो-मिली-सेंटी-डेसी-मीटर-डेका-हेक्टो-किलो-मेगा

नमक (नून) को माइक पर डाला। माइक को मिला दिया सेंट में। उस सेंट को दासी ने मीटर से डाकू के साथ बांध दिया। डाकू चिल्लाता है काटो किलो से।

मिली से किलो तक का उपयोग आप ग्राम तथा लीटर में भी कर सकते हैं। इनमें ऊपर जाने पर प्रत्येक चढ़ाई (step) के लिए 10 से गुणा करते हैं तथा नीच आने पर प्रत्येक उतार (down step) के लिए 10 से भाग देते हैं। उदाहरण के लिए -

5 हेक्टो मीटर = कितना डेसी मीटर ?

हेक्टो से डेसी तक तीन चढ़ाई (step) होता है। अत: 5 में 10 X 10 X 10 = 1000 से गुणा करेंगे।

इसी प्रकार 5 हेक्टो मीटर = 5 X 1000 डेसी मीटर = 5000 डेसी मीटर।

क्षेत्रफल के लिए 10 के स्थान पर 100 लेते हैं तथा

घनफल के लिए 10 के स्थान पर 1000 लेते हैं।

आपने सामान्य ज्ञान की विशेष सामग्री को याद किया। अब आप एक बार फिर से पहले के सामान्य ज्ञान की बातों को दुहरा लें तो अच्छा होगा क्योंकि इसके बाद आपको **"तेज मेमोरी" टेस्ट-11** देना है।

# 40 "तेज मेमोरी" टेस्ट - 11

**नीचे दिये गये खाली जगहो को भरे :-**

**(1)** **शब्द संक्षेप** **विस्तार**

| | |
|---|---|
| AM | ----------------------------------------- |
| BCG | ----------------------------------------- |
| DPT | ----------------------------------------- |
| ESMA | ----------------------------------------- |
| HAL | ----------------------------------------- |
| NATO | ----------------------------------------- |
| RAW | ----------------------------------------- |
| STD | ----------------------------------------- |
| TRAI | ----------------------------------------- |
| VRS | ----------------------------------------- |

**(2)** **दिवस** **तिथियां**

| | |
|---|---|
| राष्ट्रीय युवा दिवस | --------------- |
| राष्ट्रीय झंडा अंगीकरण दिवस | --------------- |
| राष्ट्रीय संकल्प दिवस | --------------- |
| किसान दिवस | --------------- |
| राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस | --------------- |

| (3) | **संस्थापक** | **संस्था** |
|---|---|---|
| | जर्युष्ट | ------------ |
| | हरिहर व बुक्का | --------------- |
| | --------------- | दिल्ली सलतनत की स्थापना |
| | --------------- | रेड क्रॉस |
| | --------------- | सिख राज्य के संस्थापक |

| (4) | **उपनाम** | **व्यक्ति** |
|---|---|---|
| | युग पुरुष | --------------- |
| | शांति पुरुष | --------------- |
| | अजातशत्रु | --------------- |
| | भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह | --------------- |
| | बराना-ए-हिन्द | --------------- |

| (5) | **वादक** | **वाद्य यंत्र** |
|---|---|---|
| | मणिलाल नाग | --------------- |
| | दया शंकर | --------------- |
| | अम्बिका प्रसाद | --------------- |
| | प्रकाश भडेरा | --------------- |
| | अरुणा घोष | --------------- |

| (6) | लेखक | पुस्तक |
|---|---|---|
| | नागसेन | --------------- |
| | कल्हण | --------------- |
| | शूद्रक | --------------- |
| | गुलबदन बेगम | --------------- |
| | विष्णु प्रभाकर | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| **(7)** | **<u>राजधानी</u>** | **<u>देश</u>** |
| | उलानबटेर | --------------- |
| | --------------- | वियतनाम |
| | नीम पेन्ह | --------------- |
| | अशिकाबाद | --------------- |
| | अल्माएटा | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| **(8)** | **<u>ट्रॉफियां</u>** | **<u>खेल</u>** |
| | चैंपियन ट्रॉफी | --------------- |
| | जय लक्ष्मी कप | --------------- |
| | हॉपमेन कप | --------------- |
| | कूच बिहार कप | --------------- |
| | कोलम्बो कप | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| **(9)** | **<u>प्रमुख खेल</u>** | **<u>देश</u>** |
| | फुटबॉल | --------------- |
| | हॉकी | --------------- |
| | --------------- | जापान |
| | --------------- | मलेशिया |
| | आईस हॉकी | --------------- |

| | | |
|---|---|---|
| **(10)** | **<u>नर्तक</u>** | **<u>नृत्य</u>** |
| | कल्याण अम्मा | --------------- |
| | --------------- | मणिपुरी |
| | शंकर कुरूप | --------------- |
| | सोनल मान सिंह | --------------- |
| | स्वप्न सुंदरी | --------------- |

# **"तेज मेमोरी" टेस्ट-11 का परिणाम**

| क्रम संख्या | कुल संख्या | सही उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | 10 | --------- |
| 2 | 5 | --------- |
| 3 | 5 | -------- |
| 4 | 5 | -------- |
| 5 | 5 | -------- |
| 6 | 5 | -------- |
| 7 | 5 | -------- |
| 8 | 5 | -------- |
| 9 | 5 | -------- |
| 10 | 5 | -------- |
| कुल | 55 | --------- |

**प्रतिशत** = $\frac{\text{कुल सही X 100}}{55}$ = $\frac{______ \text{ X 100}}{55}$ = %

**दायां दिमाग**

इसे रचनात्मक दिमाग भी कहते हैं। इसका मुख्य कार्य तस्वीरों का



# एकाग्रता केन्द्र

प्रत्येक दिन कम से कम 5 मिनट तक इस एकाग्रता केन्द्र के केन्द्र पर अपना ध्यान केन्द्रित करने का अभ्यास करें।